जनपद हमीरपुर

दिनांक 04.06.2026

श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आगामी उ०प्र० पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित ।

आज दिनांक 04.06.2026 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उ०प्र० पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान परीक्षा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, यातायात प्रबंधन, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए।

निर्देशित किया गया कि परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं शुचिता बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। बैठक में जनपद के समस्त संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।